कालिकट से 40 कि मी उत्तर स्थित तिक्कोडी कई दशकों से महाचिंगट मत्स्यन केलिए मशहूर है । 1950 और 1960 के दशकों में महाचिंगट का मत्स्यन हेम्प ट्वाइन से निर्मित 4.5 से 6.0 से मी जालाक्षि आयाम के "मरुवला" पुकारे जाने वाला एक प्रकार के कास्ट जाल से किया करता था । इसके अतिरिक्त बोटम-सेट गिल जाल भी प्रयोग में था । आज मछुए महाचिंगट मत्स्यन केवल बोटम-सेट गिल जालों से करते है । साँच के समय जालों को खात डोंगियों में मत्स्यन तल ले जाते है और 10-15 मी गहराई में पडे चट्टानों के चारों ओर जाल फैलाते है । अगले दिन सबेरे जाल बाहर लेकर फंस गये महाचिंगटों का संग्रहण करते है और उसी तल में जाल फैलाते है । इस प्रकार प्राप्त महाचिंगटों को भार के अनुसार 150-300/- रु की दर में स्थानीय व्यापारियों को बेचते है । यह रिपोर्ट तिक्कोडी में 1994-97 के दौरान प्राप्त प्रमुख जातियों के पकड मिश्रण और जैविक अभिलक्षणों के बारे में है ।

मात्स्यिकी

तिक्कोडी में महाचिंगट मात्स्यिकी साधारणतया दक्षिणपश्चिम मानसून के बाद सितंबर या अक्तूबर में प्रारंभ होती है और अप्रैल या मई तक चलती है । यहाँ 1994-95, 1995-96 और 1996-97 में प्राक्कलित वार्षिक महाचिंगट अवतरण क्रमशः 2256, 2340 और 534 कि ग्रा थे । यह स्पष्ट है कि 1995-96 के 2340 कि ग्रा से अवतरण 1996-97 में 534 कि ग्रा में घट गयी । प्रति एकक प्रयास पकड भी 95-96 के 1.61 कि ग्रा से 96-97 में 0.52 कि ग्रा बन गयी । 1994-95 में प्राक्कलित माहिक अवतरण सितंबर के 80 कि ग्रा से दिसंबर महिने में 448 कि ग्रा की उच्च पकड रिकार्ड की । 1995-96 में प्राक्कालित पकड दिसंबर के 140 कि ग्रा से

अप्रैल में 447 कि ग्रा तब बढ गयी । 1996-97 में अप्रैल के 300 कि ग्रा को छोडकर बाकी महीनों में पकड बहुत कम थी । दिसंबर, जनवरी और फरवरी में अवतरण नहीं हुआ था ।

पकड मिश्रण

तिक्कोडी की शूली महाचिंगट मात्स्यिकी तीन जाति यानी *पान्यूलिरस होमारस, पी. पॉलिफागस* और *पी. ओरनाटस* द्वारा चलती है, जिनमें प्रमुख है *पी. होमारस* (74%) । *पी. पॉलिफागस* और *पी. ओरनाटस* का योगदान क्रमशः 20% और 6% होता है । फरवरी 1995-96 में *पी. वेर्सिकोलर* की छोटी मात्रा में अवतरण हुआ था । इसकी उपस्थिति पहली बार मलबार से रिपोर्ट की थी । सितंबर में मात्स्यिकी प्रारंभ होते समय साधारणतया *पी. होमारस* पहले प्रत्यक्ष हो जाता है और इसके अनुगमन करते हुए दिसंबर या जनवरी में *पी. पॉलिफागस* और *पी. ओरनाटम* मात्स्यिकी में आते है । फिर भी 1996-97 में *पी. होमारस* और *पी. पॉलिफागस* अक्तूबर में प्रकट हुए और *पी. ओरनाटस* का आगमन अप्रैल में ही हुआ था । वाणिज्यिक मात्स्यिकी में कुल पकड के 6% के साथ *पी. ओरनाटस* नगण्य था । *पी. पॉलिफागस* की पकड 1994-95 के 568 कि ग्रा से 1995-96 में 365 कि ग्रा में कम हो गयी और आगे घटकर 1996-97 में 90 कि ग्रा बन गयी । लेकिन *पी. होमारस* की पकड 1994-95 के 1594 कि ग्रा से 1995-96 में 1775 कि ग्रा तक बढ गयी । यद्यपि 1996-97 पकड में 416 कि ग्रा की घटती दिखायी पडी ।

आयाम वितरण

पी. होमारस नरों की पृष्ठवर्म लंबाई 41-100 मि मी में विविध थी । 1994-95, 1995-96 और 1996-97 में अधिकतर पकड क्रमशः 71-80 मि मी, 51-60 मि मी और 61-70 मि मी पृष्ठवर्म लंबाई की थी । मादाओं में भी अधिकतर पकड 41-100 मि मी पृष्ठवर्म लंबाई के बीच की थी । 1994-95 में प्राप्त अधिकतर मादा महाचिंगटों की पृष्ठवर्म लंबाई 61-70 मि मी के बीच थी । 1995-96 में 61-70 मि मी और 71-80 मि मी आयाम रेंच की मादा महाचिंगट ज्यादा थी तो 1996-97 में 61-70 मि मी पृष्ठवर्म लंबाइ की मादा महाचिंगटों की अधिकता थी । तीन सालों की पकड के अनुसार 37% नर महाचिंगटों और 47% मादा महाचिंगटों की पृष्ठवर्म लंबाई 61-70 मि मी के बीच थी । कुल पकड में किशोर केवल 6.7% था । *पी. पॉलिफागस* में नर महाचिंगटों का आयाम 51 और 110 मि मी की पृष्ठवर्म लंबाई के बीच विविध था । 71-80 मि मी रेंच की पृष्ठवर्म लंबाई के नमूने अधिक थे । मादाओं में पृष्ठवर्म लंबाई 61-100 मि मी में विविध थी और अधिकांश 81-90 मि मी तक के आयाम की थी । *पी. होमारस* पकड में 60% नर थे, जबकि *पी. पॉलिफागम* में दोनों का अनुपात तुल्य था ।

प्रजनन काल

पी. होमारस में फरवरी (44%) और मार्च (91%) में अंड वहन करनेवालों की संख्या अधिक थी और यही उसका प्रजनन का श्रृंगकाल था । दिसंबर, जनवरी और अप्रैल में भी कुछ अंडवाहक उपस्थित थे । रोचक बात यह थी कि अंड वहन करनेवाले महाचिंगटों में 95% को स्टेनल प्लेट में स्पेमाटोफोरिक मास नहीं थे . *पी.पॉलिफागस* में फरवरी के दौरान दिखायी पडी कुछ अंडवाहक मादाओं में स्पेमाटोफोरिक मास उपस्थित था और ये पकड में विरल थी । *पी. ओरनाटस* में प्रजनन प्रक्रिया नहीं देखी गयी, इसकी मात्स्यिकी में सब अपरिपक्व थे । *पी. पॉलिफागस* और *पी. ओरनाटस* गहरे जलक्षेत्रों में प्रजनन करते हैं ।

सामान्य अभ्युक्तियॉ

तिक्कोडी की शूली महाचिंगट मात्स्यिकी मात्रा में कम होने पर भी मात्स्यिकी की दृष्टि में अत्यधिक महत्वपूर्ण है । कोडिक्कल, कडलूर और तिक्कोडी गाँवों के परंपरागत मछुए पिछले पाँच दशकों से महाचिंगट मात्स्यिकी में लगे रहते है । सालों से पकड घट जा रही है फिर भी 1996-97 की यह एकाएक घटती का कारण अतिमत्स्यन से बढकर पारिस्थितिकी पर पडे प्राकृतिक उतार-चढाव होने की संभावना अधिक है । 1960 के दशक में मत्स्यन अगस्त से अक्तूबर तक के तीन महीने केलिए सीमित था, तो आज मत्स्यन सितंबर या अक्तूबर में प्रारंभ करके अप्रैल या मई तक जारी रखता है । दक्षिणपश्चिम और दक्षिणपूर्वी तटों में निर्यात माँग के अनुसार मत्स्यन भी बढा दिया । लेकिन तिक्कोडी में ऐसा नहीं हुआ है । कृत्रिम रीफ की स्थापना महाचिंगटों की वृद्धि के लिए सहायक हो जाएगा और उच्च पकड और तदनुसार आय मछुआरों को प्राप्त हो जाएगा ।

935 ऑक्टोपस - भारत के दक्षिण पश्चिम तट की एक शक्य समुद्री संपदा

वी. कृपा, बाबू फिलिप, के.के. अप्पुकुट्टन और मात्यु जोसेफ

*केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन - **682 014***

श्रृंगमीन (डेविल फिश) नाम से मशहूर ऑक्टोपस स्वदिष्ट खाद्य माना जाता है और इनको सागरीय क्षेत्रों से वाणिज्यिक दृष्टि से विदोहित किये जाते है । विश्व भर के 2.8 करोड टन शीर्षपाद उत्पादन में ऑक्टोपस उत्पादन 1995 में 321897 टन (11.3%) था और सर्वप्रमुख उत्पादक जापान था । ऑक्टोपसों की प्रमुख जाति जो विश्व के ऑक्टोपस मात्स्यिकी में आती है *ऑक्टोपस, सिस्टोपस* और *एलीडोन* जाति की होती है । एशियाई और मेडिटरेनियन देशों पर प्रमुख ऑक्टोपस मात्स्यिकी और बाज़ारें स्थित है ।

ऑक्टोपसस मांसाहारी नितलस्थ समुद्री मलस्क होते है जो साधारणतया उथले जल क्षेत्र में पाये जाते है । ये चट्टानों, पत्थरों आदि स्थानों में छिपकर रहते है यानी ये अकेलापन पसन्द करनेवाले हैं । *बेरिया* जैसी कुछ ऑक्टोपस जाति महाद्वीपीय शेल्फ पर गभीर जलक्षेत्र में पायी जाती हैं जब कि *पार ऑक्टोपस डोलफेनी* जैसी बडी जाति सागरीय होती है । महाद्वीपीय शेल्फ और सागरी क्षेत्र के ऑक्टोपसों को प्रमुखतः तलीय अनाय की उप पकड के रूप में पकडे जाते है । उथले जलक्षेत्रों से इनको फन्द डालकर और लंबी डोर, रज्जु और कुन्त से पकडे जाते है । भारत के चारों ओर के समुद्रों में ऑक्टोपसों की विभिन्न जातियों की उपस्थिति रिपोर्ट की गयी है जिनमें 38 जाति वाणिज्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होती है (सैलास आदि 1986) । हाल तक भारत में ऑक्टोपस खाया नहीं जाते थे । इनका मत्स्यन चारे के रूप में उपयोग करने केलिए किया जाता है । *ऑक्टोपस ग्लोबोसस ऐपेलोफ, सिस्टोपस इन्डिकस, ऑक्टोपस सियेनिस, ग्रे ऑक्टोपस, वल्ग्रेयस* कुविर,1797 और *ऑक्टोपस एइना ग्रे* भारतीय तट में पायी जानेवाली सामान्य जातियाँ है । इस लेख में नीण्डकरा में 1994-1995 अवधि की और कोचीन मत्स्यन केंद्रों में 1991-94 तक की अवधि के दौरान पकडी गई ऑक्टोपस मात्स्यिकी पर विचार किया गया है ।

केरल के समुद्री मछली अवतरणों में शीर्षपादों का योगदान लगभग 9 से 17% है । शीर्षपादों के तीन प्रमुख वर्गों यानी कटिलफिश, स्क्विड्स और ऑक्टोपसों में एक दशक के पहले तक प्रथम दो वर्गों को ही वाणिज्यिक प्रमुखता थी । बाद में अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में ऑक्टोपसों केलिए हुई बढती माँग केरल में ऑक्टोपस का मत्स्यन बढाने केलिए रास्ता खोला । केरल में कोल्लम जिला में स्थित नीण्डकरा और शक्तिकुलंगरा और एरणाकुलम जिले में स्थित कोचीन प्रमुख ऑक्टोपस अवतरण केंद्र हैं ।

वाणिज्यिक पकडों में जाति मिश्रण

ऑक्टोपस ऑक्टोपोडा गण में आनेवाले हैं । हाल में तीन उपकुटुम्बों ऑक्टोडिने, एलिडोनिने और बातिपॉलिपोडिने में 21 वंशों को पहचान लिया है (रूपेर आदि 1984) । केरल में *ऑक्टोपस मेम्ब्रानेशियस* क्वोय और गेयिनार्ड *ऑक्टोपस लॉबेनसिस* कास्टेल्लानोस और मेन्नि, *सिस्टोपस इन्डिकस्* और *ऑक्टोपस डॉलफ्यूसी* को वाणिज्यिक प्रमुख ऑक्टोपस माने गये है ।

केरल की ऑक्टोपस मात्स्यिकी में सबसे अधिक पकड *ऑक्टोपस मेम्ब्रानोशियस* क्वोय और गेयिनार्ड की होती है । इस जाति के दाहिने भुज के आधार पर अस्पष्ट वलयित नेत्रक और प्रत्येक आँख के ऊपर दो सिरस या किणक होते है (रूपेर आदि 1984) । जापान में इसे "जिडाको " कहता है । कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रय में *ओ. मेम्ब्रानोशियस* ऑक्टोपस पकड में प्रमुख है (82%) । 20 से 90 मि मी की मैंटल लंबाई (95 से

440 मि मी तक की कुल लंबाई) और 8 से 190 ग्रा तक भार के ऑक्टोपस पकड में प्राप्त होते है । प्रौढ नमूने अप्रैल, जून और अगस्त में अधिक थे । नीण्डकरा - शक्तिकुलंगरा में भी *ओ. मेम्ब्रानेशियस* जाति ही प्रमुख थी ।

ऑक्टोपस मात्स्यिकी में दूसरा स्थान कुल पकड के 12% के साथ *ऑक्टोपस लॉबेनसिस* कास्टेल्लानोस और मेन्नी की थी । इसका मैंटल चौडा, छोटे गोलाकार के होता है जिसकी चौडाई इसकी लंबाई के 71 से 110% तक होती है । भुजें लंबे और भुजारंभ के भाग तगडे होते है । 35 से 136 मि मी की प्रावार लंबाई (105 से 540 मि मी की कुल लंबाई) और 5 से 400 ग्रा तक भार के नमूने अवतरणों में उपलब्ध थे ।

ऑक्टोपस इन्डिकस और *ऑक्टोपस* डॉलफ्यूसी का योगदान कुल पकड के 3% था । कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रय में अधिकतम लंबी चौथी भुजा वाले (कुल लंबाई के 85 से 87% तक) ऑक्टोपस कम संख्या में पाये जाते थे ।

नीण्डकरा - शक्तिकुलंगरा की ऑक्टोपस मात्स्यिकी

यहाँ आनायों में उप पकड के रूप में ऑक्टोपसों का अवतरण होता है । 1991-92 की अवधि में नीण्डकरा में ऑक्टोपस अवतरण बहुत कम था । 1993 में यह 241 टन तक बढ गया और औसत पकड प्रति एकक प्रयास 5 कि ग्रा देखी गयी । 1994 में कुल ऑक्टोपस पकड 630 टन थी जिसकेलिए 92876 एककों का प्रचालन हुआ था । 1995 में 38233 एककों द्वारा अवतरण 581.5 टन में घट गया । औसत वार्षिक पकड प्रति एकक प्रयास 1994 के 6.01 कि ग्रा से 1995 में 19.46 कि ग्रा तक बढ गयी ।

ऑक्टोपस का माहिक अवतरण में साल भर कहने योग्य उतार - चढाव हुआ था । 1994 में जुलाई (2.9 टन) और जनवरी (5.3 टन) में अवतरण कम था । अधिकतम पकड 286.7 टन अगस्त में प्राप्त हुआ और अनुवर्ती महीनों में घटती की प्रवणता देखी गयी जैसे सितंबर में 91.1 टन अक्तूबर में 72.7 टन, नवंबर में 37.5 टन और दिसंबर में 21.5 टन पकड मिली थी । 1995 में 116.3 टन का उच्च अवतरण मई में हुआ था । फरवरी (19.9 टन), अक्तूबर (9.2 टन) और दिसंबर (12 टन) में अवतरण कम था । अवतरण में मौसमिक विविधता स्पष्ट नहीं था, फिर भी दोनों सालों में अगस्त और सितंबर उच्च पकड के महीने थे ।

औसत माहिक पकड प्रति प्रयास एकक 1993 में नगण्य था और .002 कि ग्रा और 7.42 कि ग्रा के रेंच में थी । 1994 में पकड प्रति एकक प्रयास 0.50 कि ग्रा होकर बहुत कम थी तो 1995 में नवंबर में न्यूनतम पकड प्रति एकक प्रयास 5.1 कि ग्रा थी । दोनों वर्षों में उच्च पकड प्रति एकक प्रयास क्रमशः 14.27 और 22.7 कि ग्रा अगस्त महीने में देखी गई थी ।

कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रय की ऑक्टोपस मात्स्यिकी

कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रय से प्रचालित चिंगट आनायों ने 1991 में ऑक्टोपस अवतरण शुरू किया । 1991 से 1994 तक की अवधि में 386495 एककों द्वारा लगभग 990 टन ऑक्टोपस का अवतरण हुआ और प्रति एकक प्रयास में मिली पकड 2.5 कि ग्रा थी ।

वर्ष 1991 में औसत 1.25 कि ग्रा की प्रति एकक प्रयास पकड के साथ ऑक्टोपस पकड 154 टन थी। अनुवर्ती साल में पकड बढ़कर 499 टन हो गई और 90570 एककों का प्रचालन हुआ था । लेकिन 1993 में 92152 एककों के प्रचालन में केवल 41 टन ही प्राप्त हुआ था । 1994 की पकड में वृद्धि हुई और 448 टन ऑक्टोपस का अवतरण हुआ और प्रति एकक प्रयास पकड 1.15 कि ग्रा थी । कोचीन में 1991 और 1994 में लगभग सालभर ऑक्टोपस उपस्थित था । लेकिन 1993 में जुलाई, अगस्त और सितंबर में यह मात्स्यिकी नहीं देखी गई थी । इस अवधि में उच्चतम अवतरण 1994 फरवरी का 204 टन था ।

संसाधन और विपणन

देशी बाज़ारों में ऑक्टोपसों की कोई मांग नहीं थी, इसलिए 1991-'92 के दौरान निर्यातकों को प्रति कि ग्रा के लिए 3/- से 5/- रु. की दर में बेच दिया । 1994 - '95 में इसकी

दर प्रति कि ग्रा के लिए 10/- से 15/- रु. तक बढ़ गई । अवतरण के 4 से 6 घंटों के अंदर ऑक्टोपसों को संसाधन इकाइयों में ले जाते है । सभी भुजवाले ऑक्टोपसों को साफ करके उसी तरह निर्यात कर देते है । साधारणताया ऑक्टोपसों को टी-1 और टी-2 ग्रेड में वर्गीकृत करते है । टी-1 ग्रेड में प्रति पैक भार 4 कि ग्रा होता है । टी-2 में यह प्रति पैक भार 3-4 कि ग्रा,2-3 कि ग्रा, 1.5-2 कि ग्रा और 0.3 कि ग्रा से कम तक विविध होते है । इन में 2-3 कि ग्रा का ग्रेड वाणिज्यिक दृष्टि में बहत्तर माना जाता है ।

भारत में पहली बार ऑक्टोपसों का निर्यात 1998 में एक परीक्षण के स्प में हुआ था । 1990-1996 की अवधि में भारत से 3147 लाख रु. के 7797 टन ऑक्टोपसों का निर्यात हुआ । 1989 से 1991 तक की अवधि में ऑक्टोपस की निर्यात मात्रा 16 गुनी वृद्धि सूचित करती हुई 43.5 से 738 टन तक बढ गई । 1992 और 1993 में पकड 50% में घट गई । यद्यपि 1994 से 1996 तक स्थायी बढती हुई । 1996 में 2450 टन का निर्यात हुआ जो 1989 के निर्यात से 56.3 गुनी वृद्धि रजिस्टर की थी ।

निष्कर्ष

जापान और यूरोपियन देशों में ऑक्टोपस मात्स्यिकी का लंबा इतिहास है । पर भारत में इसका विदोहन अभी प्रारंभ हुआ है और दक्षिण पश्चिम और पूर्वी तटों से चिंगट आनायों में एक उपपकड के स्प में इसका अवतरण होता है ।

वर्तमान अध्ययन सूचित करता है कि भारत के दक्षिण - पश्चिम तट में ऑक्टोपस अवतरण वृद्धि की प्रवणता दिखाती है । आजकल हिमशीतित ऑक्टोपसों को उच्च निर्यात माँग भी है । बढती माँग के अनुसार इस क्षेत्र में मत्स्यन दबाव और इसके कारणवश अतिविदोहन से स्टोक की कमी में बदल जाएग । अत:इस संपदा के विवेकी विदोहन केलिए उचित कदम उठन आवश्यक है । आगे इस संपदा के न्याययुक्त विदोहन केलिए इसके वितरण, जैविकी और जनसंखया गतिकी पर विस्तृत अध्ययन अनिवार्य है ।

936 दक्षिण कन्नड जिला, कर्नाटक के मुल्की ज्वारनदमुख में 1997-99 के दौरान किये गये शंबु संवर्धन

गीता शशिकुमार, सी.मुत्तय्या, डी.नागराजा, बी. श्रीधरा और जी.एस.भट

सी एम एफ आर आइ का माँगलूर अनुसंधान केंद्र, माँगलूर-575 001.

आमुख

सी एम एफ आर आइ द्वारा शंबु संवर्धन संबंधी प्रौद्योगिकी सत्तर के दशक के आरंभ में विकसित करने पर भी कर्नाटक में शंबु कृषि सीमित स्तर पर ही हो रही है । इसके कारण प्रमुखत: उद्यमकर्ताओं की उत्साहहीनता, जानकारी की कमी, कम विपणन साध्यता और वित्त का अभाव थे । पिछले कुछ सालों से सी एम एफ आर आइ का माँगलूर अनुसंधान केंद्र कनार्टक के दक्षिण कन्नड जिले में शंबु संवर्धन व्यापक करने का प्रयास करते आ रहा है । वर्ष 1996-97 के दौरान अनुसंधान केंद्र ने मुल्की ज्वारनदमुख में रैक और रोप मेथेड में शंबु संवर्धन करके पाँच महीने की अवधि में 400 कि ग्रा शंबुओं का उत्पादन करके पहली बार कर्नाटक में शंबु संवर्धन की संभाव्याता स्थापित किया । इस से प्रोत्साहित होकर 1997-98 के दौरान मुल्की के पाँच मछुआरों ने शंबु संवर्धन करने केलिए तैयार होकर आगे आये । सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केंद्र ने इसकेलिए आवश्यक मार्गनिर्देश दिया । नुनखराजल मत्स्य कृषकों का विकास अभिकरण (दी ब्राकिशवाटर फिशफामेर्स डेवलोपमेन्ट ऐजेंसी) (वी एफ डी ए)

ने 10,000/- रु के वित्तीय अनुदान के साथ इस संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया । वर्ष 1998-99 में भी मुल्की ज्वारनदमुख में शंबु संवर्धन कार्यक्रम जारी किया था । यह लेख अनुसंधान केंद्र द्वारा 1997-98-1998-99 में मुल्की क्षेत्र के मछुआरों के साथ किये गये शंबु संवर्धन कार्यक्रमों के बारे में है ।

संवर्धन स्थान

माँगलूर से 35 कि मी उत्तर में स्थित मुल्की ज्वारनदमुख कर्नाटक के प्रमुख द्विकपाटी संवर्धन केंद्रों में एक है । साम्बवी और पावनजी नदियाँ जो विपरीत दिशा में बहकर चित्रपु के निकट अरब समुद्र के साथ देती है, के संगम से यह ज्वारनदमुख स्थापित है । मानसून के जून-अगस्त महीनों में नदियों के अलवणजल से ज्वारनदमुख भर हो जाता है । वर्ष 1997-98 के दौरान साम्बवी नदी की दिशा में मुल्की ज्वारनदमुख के खाडी मुँह से 3.5 कि मी दूर का क्षेत्र शंबु संवर्धन केलिए चुन लिया । यहाँ के तल पंकिल था । वर्ष 1998-99 के दौरान मुल्की से 5 कि मी दक्षिण चित्रपु, जहाँ पावनजी नदी समुद्र से संगम करती है, में भी शंबु संवर्धन चलाया था । यहाँ तल रेतीला थी । संवर्धन कार्यक्रम प्रारंभ करने के पहले से संग्रहण तक नियमित अंतराल में दोनों स्थानों के जल नमूनों का संग्रहण किया था ।

संवर्धन काल

दक्षिण कन्नड तट के अंतराज्वारीय चट्टानी क्षेत्रों के प्राकृतिक शंबु संस्तरों पर अक्तूबर से संवर्धन केलिए उपयुक्त 15-25 मि मी आयाम के शंबु बीज उपलब्ध है । संवर्धन स्थल की जलराशिक स्थितियाँ अक्तूबर से मई तक की आठ महीनों की अवधि में बहुत ही अनुकूल देखा गया । मानसून के आरंभ में अलवण जल के प्रवाह के कारण ज्वारनदमुख में लवणता स्तर बहुत नीचे (<10 पी पी टी) जाता है जिसमें शंबु जीवित नहीं रहते । दिसंबर - मई तक के छः महीने शंबु संवर्धन केलिए अनुकूल है, जब शंबु 80 मि मी के विपणनयोग्य आयाम तक बढते है ।

संवर्धन रीति

रैक निर्माणः 3 से 3.5 मी लंबाई के बाँस खम्भों से रैकों का निर्माण किया था । खम्भों को तल में 3 मी अंतराल में ऊर्ध्वाधर स्थिति में धकेड दिया । खम्भों के उपरिभाग समान्तर स्थितियों में बाँधकर 3x3 मी के समकोण आयाम के ढाँचा बना दिया । मुल्की ज्वारनदमुख में नवंबर 1997-98 के दौरान 108 वर्ग मी के जलक्षेत्र में इस प्रकार के 12 रैकों का निर्माण किया । इसी रैकों को मज़बूत करके अनुवर्ती साल में भी उपयोग किया था । चित्रपु में 54 वर्ग मी जलक्षेत्र में 3x3 मी आयाम के 6 रैकों को 2 मी गहराई की एक ही पंक्ति में फाब्रिकेट किया ।

बीज संग्रहण : अब बीजों का हैचरी उत्पादन नहीं होने के कारण शंबु संवर्धन प्राकृतिक संस्तरों से संग्रहित बीजों पर आश्रित है । अनुसंधान केंद्र द्वारा चलाये गये सर्वेक्षण के अनुसार अंतराज्वारीय चट्टानी क्षेत्रों जैसे सोमेश्वरा, सूरत्कल, पडुबिद्रि, कॉप पोताश्रय में हरित शंबु *पेरना विरिडिस* की संपुष्ट जीवसंख्या देखी गई । नवंबर-दिसंबर के दौरान इन प्राकृतिक शंबु संस्तरों से भारी मात्रा में बीज उपलब्ध होता था । सोमेश्वरा के शंबु संग्रहकर्ताओं से संवर्धन केलिए आवश्यक बीज मिला । ये बीज विभिन्न आयाम के और समुद्री शैवाल और डेबेरिस से मिश्रित थे । इन बीजों को आद्र बोरे में पैक करके प्रातःकाल में संवर्धन स्थानों में परिवहित किया । वहाँ बीजों को प्लास्टिक शीटों में डालकर ज्वारनमुखी जल से धोकर गाद और डेबेरिस निकाल दिया । इसके बाद बीजों को ज्वारनदमुखी जल भरे प्लास्टिक टब में सुरक्षित रखा ।

बीज का रोपण : 1997-98 के दौरान 20.5 मि मी औसत आयाम के बीजों का बीजारोपण किया । इस काम में मछुआरों को भी शामिल किया था। इस केलिए 18 मि मी और 12 मि मी व्यास की कोयर रस्सियों का उपयोग किया था । प्रारंभ में बीजारोपण प्रति मी 750 ग्रा पर किया था, क्रमशः यह दुगुनी हो गयी थी । आद्र रस्सियों में बीजों को रखकर 20-25 से मी चौडाई के मछर जाल से बहुत सर्तकता से लपेट दिया । बीजारोपित रस्सी की लंबाई एक मीटर थी । बीजारोपण के बाद रस्सियों के निचले भाग में पत्थर बाँधकर दूसरा अग्र 30 से मी की नाइलॉन रस्सियों से रैक में बॉधकर लटका दिया । 20 दिनों के अंदर बीजों की उपलब्धता के अनुसार 1 मी लंबाई की 440 रस्सियों में बीजारोपण किया गया । दिसंबर 1997-

98 के दौरान संवर्धन सघनता अधिक देखी गयी कि संवर्धन के 5-6 महीनों में 12 मि मी की कयर रस्सियाँ शंबुओं का भार सहने में अशक्त देखी गयी । इसलिए 1998-99 में बीजारोपण दर 1000 ग्रा में कम कर दिया और कयर रस्सियों को 4 मी की नाइलॉन रस्सियों से सुशक्त कर दिया । 1998-99 के दौरान मुल्की ज्वारनदमुख में 334 बीजों को संरोपित 1 मी और 144 बीजों को संरोपित 0.75 मी की रस्सियाँ दिसंबर 98 में लटका दी थी । चित्रपु में जनवरी, 99 में 500 शंबु बीजों के 0.75 मी लंबाई की रस्सी लटका दी ।

पर्यावरणीय पैरामीटेर्स

संवर्धन स्थल की लवणता नवंबर - दिसंबर से आरोहण की प्रवणता दिखायी और संवर्धन की अवधि में मानसून के आरंभ तक स्थिर रही । यह 23.6 से 35.4 पी पी टी तक विविध रही और अनुवर्ती सालों में 30.4 से 35.7 पी पी टी के बीच । विलीन ऑक्सिजन और पी एच साधारण रेंच में था और संवर्धन अवधि में विविधता न्यूनतम थी ।

बढती दर

बढती, अतिजीवितता आदि का नियमित मोनिटरन किया गया । 1997-98 के दौरान कई शंबु रस्सियों से खिसककर नीचे गिर गये थे । 1997-98 के दिसंबर-जनवरी के दौरान संरोपित 20.5 मि मी के औसत आयाम के शंबु 171 दिनों के बाद (जून के दूसरे हफ्ते) संग्रहण के समय 74.08 मि मी आयाम प्राप्त किये थे । औसत माहिक बढती दर 9.5 मि मी थी । संग्रहण के समय औसत मांस 26% था (आद्र भार).

मुल्की में 1998-99 के दौरान संरोपित 21 मि मी औसत आयाम के शंबु 186 दिनों के बाद 77 मि मी तक बढ गये थे और औसत माहिक बढती दर 9.03 मि मी थी । चित्रपु में 23 मि मी औसत आयाम के शंबु 145 दिनों में 76 मि मी आयाम प्राप्त किये थे । यहाँ माहिक बढती दर 10.96 मि मी थी । दूसरे संवर्धन स्थल में कुछ शंबु रस्सियों से खिसक गये थे । रैकों के मध्य भाग में तलछट संचित हुआ था, जो रैक के मध्य भाग में लटकायी गयी बीजारोपित रस्सियों को प्रभावित किया था ।

उत्पादन

वर्ष 1997-98 के दौरान पूर्ण वढती प्राप्त शंबुओं की 12 मि मी की 25 कोयर रस्सियाँ भार की अधिकता के कारण नष्ट हो गयी । 171 दिनों के अंत में 1500 कि ग्रा शंबु प्राप्त हुआ था ।

वर्ष 1998-99 में जून के पहले हफ्ते में 1000 कि ग्रा शंबुओं का संग्रहण किया था । जून के पहले हफ्ते में हुई बारिश से हुए अलवण जल अंर्तवाह संवर्धन स्थल की लवंणता कम कर दी और बाकी लगभग 5000 कि ग्रा शंबुओं का जीवनाश हुआ।

सहचारी प्राणिजात

मुल्की ज्वारनदमुख में बीजारोपण के 60 दिनों के बाद बारनकिल्स की कुछ बस्ती देखी गयी थी । लेकिन बढने वाले शंबुओं केलिए ये दोषकारी नहीं थे । यहाँ गाद का संचय नगण्य था । चित्रपु में बारनकिल बस्ती नहीं देखी गयी, पर गाद संचय होते हुए देखा ।

विपणन

कर्नाटक में इसकी माँग बहुत कम होने के कारण गोआ में इसकी माँग परखने केलिए प्रयास किया। इसके अनुसार मई 1997 में 100 कि ग्रा शंबुओं को आद्र बोरियों में रेल गाडी से गोआ भेज दिया । गोआ बाज़ार में पहुँचने केलिए 24 घंटों का समय लिया । परिवहन के समय 25% नश्वरता हुई । माध्यम आयाम के शंबुओं को बहुत कम मूल्य ही प्राप्त हुआ (प्रति कि ग्रा कवच सहित शंबुओं को 3/- रु से कम)। जून के पहले हफ्ते में माँगलूर बाज़ार में स्थानीय शराब-घर और भोजनशालाओं में इसकी अच्छी माँग थी । प्रारंभ में प्रति कि ग्रा कवच सहित शंबुओं की दाम केवल 6/- रु था । बाद में फार्म उत्पादित शंबुओं का होटलों में काफी प्रचार मिला और इसके अनुसार प्रति कि ग्रा कवच साहित शंबुओं का मूल्य 15/- रु हो गया ।

मुल्की ज्वारनदमुख में 1997-98 में संवर्धित शंबुओं का संग्रहण 1998 जून के पहले और दूसरे हफ्ते में किया । शंबु संवर्धन को व्यापक प्रचार देने के उद्देश्य से कर्नाटक मात्स्यिकी

विभाग, बी एफ डी ए और सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केंद्र द्वारा दक्षिण कन्नड जिले के मुल्की में 98 जून के दूसरे हफ्ते के दौरान एक 'संग्रहण मेला' चलायी ।

लागत प्राक्कलन

वर्ष 1997-98 के दौरान संवर्धन केलिए 15,126/- रु का खर्च हुआ जिस में 5,623/- रु रैक निर्माण, बीजारोपण, बीजारोपित रस्सियों को लटकाना, मोनिटरन और शंबु संग्रहण केलिए मज़दूरी के रूप में दिया गया । अतः इसकेलिए वास्तविक लागत 9,503/- रु थी । शंबुओं के विपणन के ज़रिए 11,457/- रु प्राप्त हए, अर्थात् संवर्धन से 1,972/- रु का लाभ मिला ।

अभ्युक्तियाँ

वर्ष 1997- 98 में मुल्की ज्वारनदमुख में स्थानीय मछुआरों के सहयोग से शंबु संवर्धन चलाया और बढती दर का अध्ययन किया । चित्रपु में बढती दर मुल्की की अपेक्षा अधिक थी । 1998-99 में संग्रहित शंबुओं में मांस कम था और संग्रहण के पहले ही दिन में अंडजनन किए ।

अक्तूबर -मई की अवधि शंबु संवर्धन केलिए लाभकर होता है और प्रारंभतः कम मेहनत के होने के कारण अंश कालीन कार्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। यंत्रीकृत मत्स्यन में रोध डालने के कारण समुद्री मछलियों की कमी शंबुओं की माँग बढाती है । मई महीने में संग्रहित शंबुओं का संसाधन करके कम संग्रहण के महीनों में उपयोग किया जा सकता है जिसकेलिए अवसंरचनात्मक सुविधाएं विकसित करनी है । विपणन अवसंरचना विकसित किये जाए तो अधिकाधिक मछुआरे अत्यधिक लाभप्रद रीति में शंबु संवर्धन किया जा सकेगा ।

937 मान्नार की खाडी में स्थित तरुवायकुलम में चलायी गयी विविध ट्यूना मात्स्यिकी में प्रयुक्त यान व संभारों का संशोधन

टी.एस बालसुब्रमण्यम

सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन - 682001

प्रचालन के नए तल, नई मत्स्यन तरीकाओं और उच्च माँग के कारण ट्यूना उत्पादन काफी बढ गया है । पिछले तीन दशकों में तटीय ट्यूनाओं के अवतरण में कहने योग्य वृद्धि होने पर भी ये भारत की अनन्य आर्थिक मेखला की वेलापवर्ती संपदाओं में सब से कम विदोहित संपदा आंकी गई है । आधुनिक तकनोलजी से प्रमुखतः मत्स्यन संभारों में सिन्तेटिक यानों का प्रस्तुतीकरण और यानों का यंत्रीकरण हुआ, जिनके ज़रिए मछुआरों ने मत्स्यन कार्य में प्रगति पाई ।

चिंगट आनायन में श्रम कम करने के उद्देश्य से मात्स्यिकी में विविधिता लाने के बारे में हमेशा चर्चाएं होती है । यंत्रीकृत खींचन सहित गिलजालों के रूप में आनायन करनेवाले यंत्रीकृत यानों का मौसमिक परिवर्तन विचारणीय है । इस प्रकार के संशोधन केलिए 9-13 मी के बीच आयाम रखनेवाले यान अधिक उपयुक्त माना जाता है ।

चिंगट आनायों में रुपांतरण

हाल के सालों में टूटिकोरिन पोताश्रय के कुछ चिंगट मालिकों ने 15 लाख और 20 लाख रु/- मूल्य के अनायीं को 5 लाख और 7 लाख रुपयों में बेच दिया । कुछ उद्यमियों ने आनाय बेचने के बजाय उनमें रूपांतपण करके आनायों को ड्रिफ्रट गिल जाल मात्स्यिकी केलिए अनुकूल बना दिया ।

चिंगट अनायों को ड्रिफ्रट गिल जाल प्रचालन के अनुकूल बनाने केलिए किये गये संशोधनों का ब्योरा

1. आनायों के मास्ट, विंच और गालोस पूर्णतः निकाल दिया

2. व्हील हाउस का आकार काफी कम कर दिया और इसकी ऊँचाई, लंबाई और चौडाई कम करके सरलीकृत, किया गया जिससे व्हील हाउस के दोनों भागों में प्रचालन के दौरान और बाद में मत्स्यन संभारों के संभालन में अधिक स्थल मिलता है । ऊँचाई कम करने से खुले समुद्र में मत्स्यन करते वक्त मौसम प्रक्षुब्ध हो जाए तो इंजिन बंध करके मुकाबला कर सकता है ।
3. डेक के अग्र भाग में संभार रखने केलिए आवश्यक परिवर्तन किया ।
4. डेक की पिछवाडे को संभरण स्थल के रूप में बदल दिया जहाँ बर्फ खण्ड और मछली पकड को दीर्धकाल संभाल कर सकते है । इस संभरण क्षेत्र का आयाम 3.6x 2.1x 1.6 मी है और संभरण क्षमता 1.5 से 2 टन तक होती है ।
5. संभार/यान के प्रचालन केलिए प्रयुक्त उपकरणों केलिए संभरण स्थल का प्रबन्ध सांभार होल्ड के सामने ही किया है ।
6. यान के पिछवाडे में खाना पकाने केलिए भी स्थल भी स्थल का प्रबन्ध किया है
7. क्राफ्ट षाफ्ट में ऊर्ध्वाधर लोह दंड और लकडी के दस्ती के हस्तचालन रडार भी लगा दिया है कि आवश्यकता पडने पर उपयोग किया जा सके ।

संभार में रूपान्तरण

ऊपरितल पर निकटस्थ तल में दिखायी पडने वाली वेलापवर्ती मछलियों को पकडने केलिए तटीय मछुआरे ड्रिफ्रट गिल जालों का उपयोग करते है । इस संभार को मध्य जल से ऊपरिजल तक किसी भी स्थान में रख दिया जा सकता है जिसमें मछली फंस जाती है । 8-16 से मी तक के जालाक्षि अयाम के ड्रिफ्ट गिलजाल 30 और 80 मी की गहराई के तटीय क्षेत्रों से ट्यूना एवं संबन्धित जाति केलिए उपयुक्त संभार माना जाता है । इस संभार का अधिक रूपान्तरण नहीं किया गया है और हाल के संभारों से एक मात्र अन्तर लेड भार के साथ पाद रस्सी की अनुपस्थिति है । संभार के नितल भाग में 200 ग्रा भार के पत्थर नियमित अंतराल में तलीय जालाक्षि ब्लाइन में बाँध देते है । पाद रस्सी की अनुपस्थिति से यह लाभ होता है कि जाल के प्रचालन के वक्त जाल का अधिकांश भाग खुला रहता है और जाल में फंस गयी मछलियाँ बच जाने का प्रयास करती है तो जाल सिकुड जाता है । पाद रस्सी लगे जाने से जाल का अधिकांश भाग सिकुड जाता है और जाल छोटा हो जाता है । व्हील हाउस के ऊपर और संभार के अग्र भाग में मिट्टी के तेल के दीप रात भर जलाते है ताकि संभार के निकट से जाने वाले यानों से कोई क्षति नहीं हो जाए ।

मात्स्यिकी : आकलन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 50,473 टन ट्यूना और बिलफिश पकडे जाते है (1977) । इसमें तमिलनाडु का योगदान 3862 टन था । टूटिकोरिन से प्रति वर्ष योगदान 711.7 टन था । यहाँ ट्यूना और संबन्धित जाति को 8-16 से मी तक बडे जलाक्षि आयामवाले ड्रिफ्रट गिलजाल, (पस्वलै) 3.5-7.5 से मी के छोटे जालाक्षि आयाम के ड्रिफट गिलजाल (पोडिवलै) और काँटा डोर के ज़रिए पकडे थे । इन में ट्यूना का 97% परुवलै से और बाकी 1.1% और 1.9% पोडिवलै और काँटा डोर से प्राप्त होता है ।

ट्यूना मात्स्यिकी का श्रृंगकाल जून-सितंबर है । इस अवधि में मान्नार की खाडी के उत्तर भाग के मछुआरे वीरपाणिडय पट्टनम में ट्यूना मत्स्यन केलिए प्रवास करते है । मात्स्यिकी का मौसम खत्म होने के बाद ये अपने अपने गाँवों में वापस जाते है या मान्नार की खाडी के उत्तर भाग में प्रवास करके मत्स्यन जारी करते है । इसके फलस्वरूप श्रृंगकाल के बाद मात्स्यिकी में ट्यूना बिलकुल अनुपस्थित या नगण्य हो जाता है । लेकिन आज यह प्रवणता बिलकुल परिवर्तित हो गयी है कि तरुवायकुलम के मछुआरे अन्य स्थानों में प्रवास न करके तरुवायकुलम में ही मानसून के महीने अक्रतूबर -नवंबर की अवधि को छोडकर पूरे वर्ष ड्रिफ्ट गिल जाल मत्स्यन करते है । अतः ऐसा मालूम पडता है कि साल भर ट्युना उपस्थित

हो जाने की संभावना है । पहले की रिपोर्ट के अनुसार ट्यूना की सात जाति जैसी *इ. अफिनिस, ए. थासार्ड , ए. रोची, अल्बकरिस, टी. टोंगोल, एस. ओरियेन्टालिस* और *के. पेलामिस* ट्यूना के मौसम (जून-अक्तूबर) में ही प्राप्त हो जाती है पर हाल के विकास के कारण ट्यूना के मौसम के बाद भी इन सात जाति प्राप्त हो जा सकती है ।

निष्कर्ष

अब तिरुवायकुलम में लगभग 30 चिंगट आनायों को ड्रिफ्ट गिल जाल मत्स्यन करने के अनुरूप परिवर्तित किया गया है । आने वाले वर्षों में इनकी संख्या और भी बढने की संभावना है और यांत्रिक हॉलिंग सिस्टम जो अब प्रस्तुत नहीं किया गया है, भी प्रस्तुत किये जाने का दिन दूर नहीं ।

938 समुद्री सर्प *हाइड्रोफिस सियानोसिन्टस* पर सिरीपिड बार्नेकल *कीलोनोबिया पाटुला* की उपस्थिति

समुद्रों में दिखाये जाने वाले प्रमुख दूषणकारी जीवों में एक है सिरीपिड बार्नेकल । साधारणताया रवूँटों, चट्टानों, बोया आदि चीजों पर संलग्न रहने पर भी कर्कट, महाचिगंट सर्प आदि समुद्री जीवों में इसकी उपस्थिति कभी कभी देखी जाती है ।

निल्सन (1938) ने एक समुद्री सर्प *एनहाईड्रिना वलकाडियन* पर लीप्स *प्लाटिलीप्स ऑफियोफोलिस,* एक पंक कर्कट *कीलोनिबिब पाटुला* और कुछ कच्छपों पर *सिल्ला सेराटा* और *सी. टेस्टुडिनारिया* की उपस्थिति रिकार्ड की थी । डानियल (1955,1956) और वाग आण्ड बाल (1974) ने कच्छपों और कर्कटों में *सी. टेस्टुन्ड्रिनारिया* की उपस्थिति की पृष्टी की और इन्होंने शूली महाचिंगट *पानूलिरस पॉलिफागस* पर *सी.पाटुला* लगे हुए देखा ।

समुद्री सर्पों पर सिरीपिड बार्नेकल की उपस्थिति के बारे में अभी तक कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है । इसलिए एक समुद्री सर्प *हाइड्रोफिस सियानोसिन्टस* पर 21 बार्नेकल *सी. पाटुला* की उपस्थिति बहुत रोचक बात थी । 7-5-1996 को रामेश्वरम में एक आनाय पकड से संग्रहित समुद्री सर्प इन दूषणकारी जीव से निर्मोचक अवस्था में था ।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम के एम. बदरुद्दीन की रिपोर्ट

939 वेरावल में रेकार्ड आयाम के एक पंक शूली महाचिंगट *पान्यूलिरस पॉलिफागस* का अवतरण

वेरावल के बिडिया अवतरण केंद्र में 1998 नवंबर 23 के आनाय अवतरण में बहुत बडे आयाम के एक पंक शूली महाचिंगट *पान्यूलिरस पॉलिफागस* प्राप्त हुआ । यह निकटतम 1500 ग्रा भार, 133 मि मी की पृष्ठवर्म लंबाई के साथ 380 मि मी कुल लंबाई का एक नर नमूना था । इसका सामान्य पृष्ठवर्म आयाम 70-80 मि मी है ।

उपलब्ध सूचना के अनुसार *पी. पॉलिफागस* 370 मि मी तक की कुल लंबाई प्राप्त करता है । कगवाडा ने (1980) बंबई जल क्षेत्र से 365 मि मी के नर *पी. पॉलफागस* और 395 मि मी की मादा *पी. पॉलिफागस* की प्राप्ति रिपोर्ट की है । यद्यपि गुजरात तट से इस प्रकार के बडे आयामवाले नमूने प्राप्त होने की रिपोर्ट अभी तक उपलब्ध नहीं है और वेरावल से अभी तक रिकार्ड किये गये नमूनों में यह नमूना ही सबसे बडा है । कगवाडे द्वारा किये गये अध्ययन के आधार पर यह नमूना आठ से भी अधिक आयु का है ।

मेसेर्स चाम ट्रेडिंग ऑरगानाइशेषन इसे खरीदकर तुरंत ही संसाधन प्लान्ट ले गया, इसलिए इसके फोटोग्राफ्स नहीं ले पाया ।

सी एम एफ आर आइ के वेरावल अनुसंधान केंद्र वेरावल के जो किशकूडन और बी.पी तुम्बर की रिपोर्ट

Edited by Dr. K.J. Mathew, Ms. T.S. Naomi, Ms. P.J. Sheela,Ms. E. Sasikala and Ms. P.M.Geetha. Published by Dr. K.J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No. 1603, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014, Kerala, India. Printed at Cherrys Printers, Cochin - 682 017.

Announcement

CENTRAL MARINE FISHERIES RESEARCH INSTITUTE

has released a book in connection with its Golden Jubilee (1947 - 1997) entitled

Marine Fisheries Research and Management

Edited by V.N. Pillai and N.G. Menon

The book contains 61 articles under 6 sections; Marine biology, Marine fisheries, Pelagic resources, Demersal resources, Mariculture and Socio-economics & Extension. The voluminous data generated by the Institute in space and time over the last 5 decades on finfish/shellfish biology, resource status, marine environment, fishing impacts, mariculture technologies and socio-economics of culture and capture fisheries have been analysed and synthesised in the articles to enable to evolve suitable management policies relevant to each resource and each situation.

The subject matters broadly focus on the various aspects of marine biology, sensitive ecosystems, status of marine fish production, pelagic, demersal finfish/shell fish resources, role of remote sensing in fishery forecast, deep sea potentials, mariculture of finfishes, crustaceans, molluscs, sea weeds and other ancillary marine organisms along with the social and economic implications of fishery activities.

- ☞ The review articles are written by 118 experienced scientist/technicians of the Institute.
- ☞ This compendium has 914 pages with several figures and illustrations in Black and White.
- ☞ The book is hard-bound with calico, in 1/4th crown size.
- ☞ Price Rs. 500/-, US $ 150 + Rs. 150, US $ 12 respectively for packing and postage.
- ☞ Published by The Director, Central Marine Fisheries Research Institute, Cochin.

The book would serve as a reference guide to a range of clients in the fisheries sector, students, researchers and policy planners.

Your orders along with Demand Draft in favour of **"ICAR-Unit CMFRI"** payable at **State Bank of India, Ernakulam** may be sent to:

The Director,
Central Marine Fisheries Research Institute,
P.B. No. 1603, COCHIN - 682 014,
KERALA, INDIA.

DD on banks other than State Bank Of India should include bank commission at the rate of Rs. 10/-, US $ 2 over and above the cost of the book.